आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक सौ छियासी करोड़ रुपये की लागत से सात सड़कों को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा । नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने इन सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू होने से पहले भूमि पूजन किया। इनका निर्माण मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम– सीएम ग्रिड्स योजना के तहत किया जा रहा है। भूमि पूजन के बाद श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महानगरों में वैश्विक स्तर की सड़कें बनाना है, ताकि वह बीस से पच्चीस साल तक चल सकें।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के तहत आज से पंजीकरण शुरू हो गया है । आगामी पच्चीस अक्टूबर तक यह पंजीकरण कराया जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत एक सौ तिरानबे कंपनियां लगभग इक्यानबे हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से दिये जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत से सरकार ने पांच वर्ष के दौरान इक्कीस से चौबीस वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप कराने का लक्ष्य रखा है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। साथ ही उन्हें छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी।

****

वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीस अक्टूबर के एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर ही भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे और ढोल नगाड़ों के बीच उन पर पुष्प वर्षा भी की जाएगी। एक दिन के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री, शंकर नेत्रालय के शुभारंभ के अलावा करीब बारह सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वह सिगरा स्टेडियम में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे ।

****

विजयदशमी का पर्व आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पेटल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयदशमी पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुराई के प्रतीक रावण का पुतला जलाया जा रहा है। अयोध्या नगर में दस स्थानों पर रामलीला मंचन के दौरान रावण वध किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी पर्व के अनुष्ठान की शुरूआत आज सुबह गुरु गोरखनाथ के विशिष्ट पूजन से की। उन्होंने मंदिर में उपस्थित सभी देव विग्रहों का भी पूजन किया । इस मौके पर मंदिर में पारंपरिक तिलकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान साधु–संतों ने गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री का तिलक लगाकर सम्मान किया और नाथ संप्रदाय की विशेष परंपरा के अनुसार उन्हें नमन भी किया। शाम को उन्होंने मंदिर से निकलने वाले पारम्परिक विजय जुलूस की अगुआई की । इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

****

शारदीय नवरात्र के समापन के साथ ही प्रदेश के कई जिलों में आज से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो गया है। लोग ढोल नगाड़ों के बीच अबीर गुलाल उड़ाते हुए जुलूस की शक्ल में पवित्र नदियों और जलस्रोतों में माता की प्रतिमा प्रवाहित कर रहे हैं। इस दौरान सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

****

काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा खुद तैयार किये गये प्रसाद का वितरण आज विजयादशमी के मौके पर शुरू कर दिया गया।यह शुरूआत मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, अमूल डेयरी के अधिकारियों और काशी विश्वनाथ मंदिर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई। मंडलायुक्त ने बताया कि कई चरणों में परीक्षण और विभिन्न मानकों से गुजरने के बाद यह प्रसाद सभी के लिए सुलभ किया गया है। इसे बाबा को चढ़ाए जाने वाले बेलपत्र के अलावा कई शुद्ध शाकाहारी चीजों से तैयार किया गया है।

****

राज्य महिला आयोग के निर्देश पर कुशीनगर जिले के सर्किट हाउस में आगामी सोलह अक्टूबर को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । इसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित मामले सुन कर त्वरित लाभ दिलाया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी करेंगी।

****

प्रदेश में हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। अम्बेडकरनगर जिले के टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरी विशुनपुर में आज दोपहर बाद एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो सगी बहनों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र में राशन लेने जा रहे तीन साईकिल सवारों को आज सुबह दिल्ली–कानपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

****